तापमान

अधिकतम 12.0 डिग्री
न्यूनतम 8.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

12 ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए पुलिस की नए साल पर अनोखी ड्राइव




12 बकाया भुगतान को लेकर गन्ना किसानों ने दिया धरना



## खबर संक्षेप

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा क्षेत्र से स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। मुलाना के सोने लाल ने बताया कि 31 दिसंबर 2023 को साहा में आरोपी रवि व अन्य ने उससे मारपीट कर उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीडित महिला ने 23 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 मार्च 2021 से 2 मई 2023 के दौरान आरोपी प्रवीण व अन्य ने उससे रूपये हड़पने की धोखाधडी करने का अपराधिक कार्य किया है।

### हादसे में दंपती बाल बाल बचे

**अंबाला।** नया साल जश्न मनाने आए दंपती की टाटा टियागो गाड़ी में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते गाड़ी जलकर राख हो गई। हादसा जग्गी सिटी सेंटर के पास हुआ। अंबाला कैंट के कच्चा बाजार के रहने वाले मनीष कुमार ने बताया कि वह बीती रात अपनी पत्नी मनीषा जैन के साथ नए साल पर जग्गी सिटी सेंटर की तरफ आया हुआ था। अचानक चलती गाड़ी में किसी चीज के जलने की स्मेल आई। उन्होंने गाड़ी रोकी। वे दोनों गाड़ी ने नीचे उतरे। इसी बीच,आग की लपटें उठने लगी।

# कड़ाके की ठंड ने किया नव वर्ष 2024 का स्वागत

## नव वर्ष के पहले दिन आसमान में दिन भर छाए रहे बादल व चलती रही शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हैप्पी न्यू ईयर-2024 का स्वागत पहले दिन कड़कड़ाती ठंड में हुआ। सोमवार को नव वर्ष के शुभारंभ पर आसमान में दिन भर बादल छाए रहे और शीतलहर चलने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बनी रही। आलम यह रहा कि लोगों ने ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाए। वहीं, पिछले कई दिन से मौसम में बढ़ रही ठंड से जहां गेहूं की फसल लहलहा उठी है, वहीं, आलू की फसल प्रभावित होने लगी है। मौसम में ठंडक होने से नव वर्ष के पहले दिन जिले का तापमान गिरकर अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो नव वर्ष में भी अगले कुछ दिन तक कड़ाके की ठंड बने रहने की संभावना है। सोमवार तड़के लोग नींद से जागे तो आसमान में धुंध के बादल छाए हुए थे और शीतलहर चलने से औस की बुंदे टपक रही थी। जिससे मौसम में हाड़ गलाने वाली ठंड बनी हुई थी। जिसे देखकर लोग घरों में दुबक गए। आलम यह था कि शीतलहर चलने और दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। लोग दिन भर ठंड में ठिठुरते रहे।

- ठंड में ठिठुरते हुए लोगों ने निपटाए अपने कामकाज
- मौसम में ठंडक बढ़ने से जिले के तापमान में आई गिरावट





**यमुनानगर।** सोमवार को आसमान में छाए हुए धुंध के बादल व खेतों में प्रभावित हुई आलु की फसल।

### आलु की फसल होने लगी प्रभावित

पिछले कई दिन से मौसम में दिनों दिन बढ़ ठंड व शीतलहर चलने से गेहूं की फसल लहलाने लगी है। जबकि आलू की फसल प्रभावित होने लगी है। सब्जी उत्पादक किसान हरबीर सिंह, नरेश कुमार, सुखपाल व श्याम लाल आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से पाला पड़ने लगा है। जिससे आलु की फसल के लिए नुक्सानदायक है। यदि इसी तरह पाला पड़ता रहा तो आलु की फसल में काफी नुक्सान होने की संभावना है।

### तापमान में आई गिरावट

नव वर्ष के पहले दिन शीतलहर चलने व आसमान में बादल छाए रहने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## शीतलहर का प्रकोप जारी ठंडी हवाओं ने कंपकंपाया



कुरुक्षेत्र। सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते शहरवासी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नववर्ष के पहले दिन सोमवार को भी शीत लहर का प्रकोप जारी रहा। सोमवार को भी मौसम नहीं बदला। सर्दी जारी रही और लोग घरों में दुबके रहे। ठंड हवाओं ने लोगों को परेशान किया। कड़ाके की ठंड के कारण बाजार भी शाम होते ही बंद हो गए। मौसम विभाग के अनुसार अभी सर्दी से छुटकारा मिलने के आसार नहीं हैं। सोमवार को भी हाड़ कंपकंपा देने वाली ठंड रही। सोमवार को पूरा दिन सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए और काफी लोग घरों में ही दुबके रहे। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस रहा। शीतलहर चलने के चलते लोग जगह-जगह अलाव जलाए हुए नजर आए। छोटे बच्चे घरों में दुबके रहे। दुकानदार अपनी दुकानों पर ग्राहकों का इंतजार करते नजर आए। ठंड गेहूं की फसल के लिए ज्यादा लाभदायक साबित होगी। उधर तेज ठंडी हवा ने लोगों को झकझोर करके रख दिया। ठंड का असर बच्चों में खास पड़ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को नंगे पांव न घूमने दें। ठंडे पानी में हाथ न डालने दें। ठंडे पानी की बजाय गुनगुना पानी पिलाएं। गर्म कपड़े अवश्य पहनाएं। तली चीजों से परहेज रखें।

## जाड़े ने कसूता लठ गाड़ दिया इब तो बूढ़े भी कांप हैं

**इसराना।** इसा जाड़ा हो रहा सै अच्छे अच्छा के कंपकंपी छुड़ा राखी। चाहे बुढ़े हो या जवान चारों ओर जाड़े की ही चर्चा करने लाग रहे सै। जाड़े ने तो लठ गाड़ राखा है। भीषण ठंड से अभी राहत मिलने वाली भी नहीं है ठंड का सितम मकर संक्रांति पर्व तक तो जारी रहने वाला है। खेतों में काम करने वाले मजदूर और किसान ईख की कटाई ओर छुलाई को बीच बीच में छोडक़र आग का सहारा लेते हैं। बुजुर्ग तो जाड़े ते बचने के लिए घरों,बैठक, घेर आदि में आग, अंगीठी, हारि में आग जलाकर सर्दी से बचाव में दुबके हुए हैं। कहावत है जाड़ा बुजुर्गो का बेरी होवे से। मगसर जाड़ा हुआ ढंगसर पौ जाड़े का छौ अब पौ माह है। लोगों का कहना है कि जाड़े का सितम 26 जनवरी तक रहेगा। वहीं जाड़ा कुछ फसलों के लिए लाभकारी माना जाता है। जितनी ठंड पड़ेंगी उतनी पैदावार बढ़ेगी। सरसों पूरी तरह से खिल चुकी है और दूर-दूर तक सरसों के पीले फूल खेतों की ख़ूबसूरती बढ़ा रहे हैं। घरों में बाजरे की खिचड़ी, बाजरे, मक्की, बेसन की मक्सि रोटी,सब्जी, साग, तिल,पनीरी, गाजर का हलवा, गर्म चाय, गर्म शूप, मूंगफली रेवड़ी,गजक, केसर वाला दूध, छुआरा काडा का सहारा भी लिया जा रहा है।

- आठ दिनों से सूर्य देव के दर्शन दुर्लभ



पानीपत। ठंड से बचने के लिए अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे आम जन।

# आंगनवाड़ी केंद्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने के आरोप में पांच काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आंगनवाड़ी केंद्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने नव वर्ष के पहले ही दिन आंगनवाड़ी केंद्र चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर आठ चोरी के मामले सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। पूछताछ में आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के बारे में जानकारियां मिलने की उम्मीद है।

- आरोपियों को अदालत में पेश कर लिया पुलिस रिमांड

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी इंस्पेक्टर केवल सिंह को सूचना मिली थी कि शहर के फरकपुर में पांच युवक संदिग्ध हालत में देखे गए हैं। वह किसी चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने सब इंस्पेक्टर राम कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच के लिए भेजी।

जांच टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर रामकुमार, एएसआई जयपाल मराठा, संदीप, मुकेश, मनजीत, पकंज व रणधीर ने फरकपुर में दबिश देकर वहां घूम रहे पांचो युवकों को पकड़ लिया। इस दौरान पुलिस टीम ने आरोपियों को वहां घूमने का कारण पूछा तो वह कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे सके। मगर जब पुलिस ने थोड़ी सख्ती बरती तो उन्होंने किसी आंगनवाड़ी केंद्र में चोरी करने की वारदात करने का खुल्लासा किया। पुलिस ने तुरंत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान गांव खेड़ी रागडान निवासी अनिल, सोनू, रवि, कांसली निवासी राजीव व यूपी के इलाहाबाद निवासी अनु के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। अभी तक आरोपियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों में चोरी की आठ वारदातें करना स्वीकार कर लिया है। अन्य के बारे में पूछताछ की जा रही है।




**यमुनानगर।** सीआईए वन की पुलिस द्वारा पकड़े गए आंगनवाड़ी केंद्रों में चोरी करने के पांच आरोपी पुलिस हिरासत में बैठे हुए। **फोटो : हरिभूमि**

### आठ मामले सुलझाए

मामले की जांच कर रहे पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन के प्रभारी इंस्पेक्टर केवल सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों में आठ चोरी की वारदातें करना स्वीकार कर लिया है। आरोपियों से आँगनवाड़ी केंद्रों में की गई चोरी का सामान बरामद करने और अन्य के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## अंबाला में नए साल के जश्न में हंगामा

**अंबाला।** नए साल की रात को जश्न के दौरान बलदेव नगर स्थित केरलाइट्स रेस्टोरेंट में नया साल सेलिब्रेशन करने गए 2 युवकों पर अन्य नशे में धुत युवकों पर हमला बोल दिया। हमले में 2 युवकों को चोटें आई हैं।

अंबाला शहर के सेक्टर-7 के अभि जिंदल ने बताया कि वह नरगिस माछीवाडा (पंजाब) के अपने दोस्त गौरव नरगिस के साथ बीती रात नए साल का सेलिब्रेशन करने के लिए केरलाइट्स रेस्टोरेंट बलदेव नगर बलदेव नगर गए थे। यहां, नशे में धुत 5-7 युवक उनके साथ बदतमीजी करने लगे। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने ऐसा करने से रोका तो युवकों ने अंगीठी पर रखा हुआ तसला उनके ऊपर फेंक दिया। हमले में उसे व उसके दोस्त को नाक व माथे पर गंभीर चोट आई। तभी उन्हें बचाने के लिए रेस्टोरेंट का स्टाफ आ गया। हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देते रहे। धमकी दी कि अभी तो बच गए दोबारा नहीं छोड़ेंगे। पुलिस ने इस सिलसिले में दो आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया।

- पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा

# दोस्त की गला घोंटकर की हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

तीन दिन पहले यमुनानगर के हिमाचल की सीमा स्थित कलेसर के जंगल से मिले जींद के गांव सीसर निवासी गुरमीत (20) के शव मामले में पुलिस ने उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने रंजिशन गुरमीत की हत्या करके शव कलेसर के जंगल में फेंकने का खुल्लासा किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया।

- पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर लिया रिमांड

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गत 29 दिसंबर को पुलिस ने कलेसर के जंगल से जींद के सीसर निवासी गुरमीत का शव बरामद किया था। शव के गले पर निशान मिले थे। इस दौरान मृतक के भाई बबलु ने उसके दो दोस्तों संदीप व पिंटू पर उसकी हत्या करने का शक जताया था। पुलिस ने उस समय आरोपी संदीप व पिंटू के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच का जिम्मा पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन को दिया गया।

पुलिस की अन्वेषण शाखा वन ने पुख्ता सबूत मिलने पर दोनों आरोपियों संदीप व पिंटू को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने गुरमीत की गला घोंटकर हत्या करने का खुल्लासा किया।




यमुनानगर में सीआईए वन द्वारा गुरमीत हत्याकांड मामले में गिरफ्तार किए गए उसके आरोपी दोस्त संदीप व पिंटू।

### आरोपियों ने ये किया खुल्लासा

मामले की जांच कर रहे सीआईए वन के प्रभारी इंस्पेक्टर केवल सिंह ने बताया को मामले में गिरफ्तार किए गए संदीप व पिंटू ट्रक ड्राइवर हैं। करीब एक महीने पहले गुरमीत का उसके दोस्त संदीप व पिंटू के साथ पैसे के लेन देन को लेकर झगड़ा हो गया था। इस दौरान पंचायत में मामला सुलझ भी गया था। मगर आरोपी गुरमीत से रंजिश रखने लगे थे। इसी रंजिश के चलते योजना के तहत आरोपी संदीप व पिंटू गत 4 दिसंबर को गुरमीत को ट्रक पर अपने साथ घुमाने का बहाना करके उसे मध्यप्रदेश ले गए। वहां से वापस लौटते समय उन्होंने कलेसर के जंगल के नजदीक पहले गुरमीत को शराब पिलाई और इसके बाद उसकी रस्सी से गला घोंटकर हत्या करके शव को रजाई में लेपट कर जंगल में फेंक दिया और मौके से फरार हो गए।

## करनाल: नगर निगम ने करीब 13 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की

# हजारों नागरिकों ने उठाया छूट का लाभ: निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम ने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक करीब 13 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कर के रूप में रिकवरी कर ली है। हरियाणा सरकार की ओर से दी गई ब्याजमाफी की छूट का अधिक से अधिक नागरिक लाभ उठा सकें, इसे देखते निगम कार्यालय की ओर से छुट्टी के बावजूद बीते दो दिन शनिवार व रविवार को सम्पत्ति कर भरने के लिए नागरिक सुविधा केन्द्र (सी.एफ.सी.) की विंडो खोली गई थी। इन दो दिनो में लगभग 2 करोड़ रुपये नगर निगम के खजाने में जमा हुए। सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने यह जानकारी दी।

- बीते दो दिन में 2 करोड़ रुपये सम्पत्ति कर हुआ जमा




उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट का हजारों नागरिकों विशेषकर बकायादारों ने फायदा उठाया है। शहरवासियों को पूरा ब्याज माफ होने के साथ-साथ एरियर व क्रंट बिल पर भी 15 प्रतिशत की छूट मिलने से बड़ा आर्थिक लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि फिलहाल छूट की अवधि समाप्त हो चुकी है, जिसका अब नागरिकों को लाभ नहीं मिलेगा।

राज्य सरकार के विभागों ने उठाया छूट का लाभ- निगमायुक्त ने बताया कि सरकार की ओर से दी जा रही छूट का राज्य सरकार के 5 विभागों ने अच्छा-खासा लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि खेल एवं युवा मामले विभाग हरियाणा के करनाल कार्यालय ने 47 लाख रुपये सम्पत्ति कर जमा कराया है। इसके अतिरिक्त जिला परिषद कार्यालय ने 17 लाख रुपये, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग करनाल ने 6 लाख रुपये, हरियाणा रोजवेज करनाल ने 16 लाख रुपये तथा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आर.टी.ओ.) ने करीब 57 हजार रुपये प्रॉपर्टी टैक्स, नगर निगम कार्यालय में जमा करवाया है। उन्होंने अन्य विभागों ने भी अपील कर कहा है कि वह भी अपना सम्पत्ति कर नगर निगम के खजाने में जमा करवाएं।

### टैक्स डिफॉल्टरों को जारी होंगे नोटिस

निगमायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों से रिकवरी करने की पूरी तैयारी कर ली है। ऐसे 202 डिफॉल्टरों को नोटिस जल्द ही जारी होंगे, इसके लिए ड्यूटी भी लगा दी गई है। उन्होंने सभी बकायादारों से पुनः अपील करते कहा है कि वह समय रहते अपना सम्पत्ति कर नगर निगम के कोष में जमा करवा दें, अन्यथा प्रॉपर्टी को सील करने के साथ-साथ अटैच भी किया जाएगा। इसके पश्चात सम्बंधित व्यक्ति की प्रॉपर्टी की नीलामी कर नगर निगम अपना सम्पत्ति कर वसूल करेगा।

# न्याय संहिता कानून के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र डिपो के सभी कर्मचारियों ने न्याय संहिता काला कानून के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ज्ञात रहे 26 दिसंबर को बीजेपी सरकार द्वारा लोकसभा में न्याय संहिता कानून पास किया गया है। इस कानून के तहत यदि किसी भी चालक से दुर्घटना हो जाती है तो उसको 5 साल की सजा व 5 लाख जुर्माना है और यदि वह चालक डर के मारे वहां से भाग जाता है तो यह सजा 10 साल और 10 लख रुपए कर दी गई है। रोडवेज कर्मियों का कहना है कि एक बेचारा चालक जो 10 से 20 हजार की नौकरी करता है वह 10 लाख रुपए कहा से लेकर आएगा। अगर वह उस स्थान को छोड़कर नहीं भागता है उसको पब्लिक मार देती है। हिंदुस्तान की सड़कों पर इतनी ज्यादा भीड़ है। आए दिन कोई ना कोई घटना होती रहती है। भीड़ को कम करने की कोई भी युक्ति सरकार के पास नहीं है। उल्टा यह काला कानून ठोक कर आम जनता के दिलों पर कुठाराघात किया है इसलिए यह काले कानून जनता हित में नहीं है। रोडवेज के कर्मचारी इसका पूरजोर विरोध करते हैं और तीन दिन अपनी बाजूओं पर काली पट्टियां बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। रंजीत करोड़ा ने बताया कि 3 जनवरी को नए बस अड्डा परिसर में रोडवेज कर्मचारी दो घंटे धरना देंगे। इस मौके पर रंजीत करोड़ा, जितेंद्र शर्मा, राजवीर सैनी, राजेश, राजेश कुमार, रामफूल, मेघराज, सुरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, मनजीत सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

- काली पट्टियां बांधकर जताया रोष



**कुरुक्षेत्र।** सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी।

## खबर संक्षेप

### धुंध को देखते हुए वाहनों पर लगाएंगे रिफ्लेक्टर

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करपशन एण्ड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाइजेशन की एक बैठक आज लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिलाभर के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि धुंध में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए वाहन पर रिफलेक्टर लगाई जाए। यशपाल मलिक ने कहा कि शीघ्र ही संघ द्वारा वाहन पर रिफलेक्टर लगाने का अभियान शुरू किया जाएगा।
इसके अलावा धुंध में वाहन चालकों को सावधानी बरतने के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। इस अवसर पर दीपक मत्तिल, मांगेराम मलिक, राजपाल कश्यप एडवोकेट, पंकज प्रजापत, देवेन्द्र राणा एडवोकेट, दिनेश शर्मा कुराना, स.जगजीत सिंह, शांति लाल कश्यप, संदीप शर्मा कुराना, परमजीत सिंह, प्रवीण कुमार, देवेन्द्र व मयंक मलिक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### बाबा मोती महारा जी का शहीदी दिवस मनाया

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण के वार्ड पांच में आज शहीदी बाबा मोती महारा जी का शहीदी दिवस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन रघुनाथ कश्यप ने कहा कि बाबा मोती महारा की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। परिवार सहित यातनाएं सही लेकिन अपने धर्म का त्याग नहीं किया। सरहिंद के नवाब की धमकी के बावजूद गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की पूरी मदद की।

### फ्लाइंग क्लब ने नववर्ष पर लगाए 200 पौधे

**पानीपत।** नव वर्ष की शुरुआत पर आज फ्लाइंग क्लब और माइक्रो इंडस्ट्रियल वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा 19वां जंगल बनाकर की। जिसमें कई प्रजातियों के 200 पौधे लगाए गए। नगर निगम कमशिनर राहुल नरवाल, मेयर अवनीत कौर, पार्षद शकुंतला गर्ग, पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह ने अपने हाथों से पौधा लगाया। बच्चों व परिवार के अन्य सदस्यों ने नये साल की शुरुआत पेड़ लगाकर की। फ्लाइंग क्लब का उद्देश्य वेस्ट लैंड को हरा भरा करना है। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा, नितिन अरोड़ा, संदीप, अंकुर, पंकज, भारत, धीरज, दीपक, लक्की खुराना, विशाल, लोकेश, कुलदीप व हेमन्त आदि मौजूद रहे।

नया वर्ष शुरु होते ही लोगों के मोबाइल फोन पर बधाई देने के लिए घनघना उठी घंटियां

# नव वर्ष 2024 के आगमन पर लोगों ने डीजे की धुनों पर नाचकर जश्न मनाया

■ ठिठुरती ठंड में रात के बारह बजते ही नाच गाकर दी एक दूसरे को बधाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



नव वर्ष 2024 जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। मध्यरात्रि होते ही मोबाइल की घंटियां घनघना उठी और एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया जो सोमवार को दिनभर जारी रहा। लोगों ने नाच गाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान लोगों ने अपने-अपने तरीके से होटलों व रेस्टोरेंट समेत नव वर्ष पर इंतजाम किए थे। नव वर्ष के आगमन पर लोगों ने डीजे की धुनों पर नाचकर खूब जश्न मनाया। वहीं, सोमवार को अधिकांश लोगों ने अपने नजदीक स्थित मंदिरों में पहुंचकर प्रभु के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके अलावा कई स्थानों पर हवन-यज्ञ किए गए और भजनों का आयोजन किया गया। मौके पर भंडारों का आयोजन भी किया गया। बीती मध्यरात्रि को जैसे ही घड़ी की सुइयां बारह बजने के बाद आगे बढ़ी तो नव वर्ष-2024 का खुशनुमा आगाज हो गया। इस दौरान एक दूसरे शुभकामनाएं व बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। हालांकि गत रविवार शाम छह बजे से ही लोग अपने दोस्तों के घरों या फिर जहां पर नव वर्ष मनाए जाने के लिए इंतजाम किए थे, वहां पर एकत्रित होने लगे थे। जहां नाच गाने का पूरा प्रबंध था वहीं खाने-पीने की चीजों की भी पूरी व्यवस्था की गई थी। जिनका लोगों ने अपने रिश्तेदारों, परिचितों व दोस्तों के साथ मिलकर खूब आनंद उठाया। मध्यरात्रि को घड़ी में 12 बजते ही बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देनी शुरू कर दी। कुछ लोग अपने परिचितों के घर पहुंच गए तो ज्यादातर लोगों ने मोबाइल व व्हाटसएप से मैसेज कर बधाई दी।

#### नव वर्ष सभी राशियों के लिए है शुभदायी

*पंडित लक्ष्मण दास का कहना है कि वैसे तो वर्ष 2024 सभी जातकों की राशियों के लिए शुभदायी है। मगर कई राशियों पर इस वर्ष की विशेष कृपा रहेगी। खासकर धनु राशि वालों को इस वर्ष विशेष लाभ प्राप्ति के योग बन रहे हैं।*

#### भंडारों का हुआ आयोजन

*नव वर्ष के आगमन पर जिले में कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया गया। वहीं, कई स्थानों पर दुकानदारों ने हलवे, चाय व ब्रेड पकोड़ों का प्रसाद वितरित किया लोगों को रोक-रोक कर प्रसाद वितरित किया।*

#### परिवार की खुशहाली के लिए की पूजा अर्चना

*नव वर्ष के शुभारंभ पर सोमवार सुबह होते ही लोगों की मंदिरों में लाइनें लगनी शुरु हो गई थी। श्रद्धालुओं ने नए वर्ष के शुभारंभ पर मंदिरों में भगवान के दर्शन कर अपने परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। वहीं, कुछ लोगों ने अपने घरों में हवन यज्ञ किए और पूजा अर्चना की। मौके पर परिवार के लोगों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर सुख समृद्धि की कामना की गई। जबकि कई स्थानों पर सामूहिक रुप से हवन यज्ञ किए गए।*



यमुनानगर। बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में नव वर्ष पर आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो :हरिभूमि

## यात्रियों की सुख शांति के लिए बस स्टैंड परिसर में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

नव वर्ष के अवसर पर बस स्टैंड यमनानगर परिसर स्थित शिव मंदिर में सोमवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। मौके पर प्रसाद वितरण किया गया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने सभी को नव वर्ष की बधाई दी और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रोशन लाल शर्मा व हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ यमुनानगर डिपो के प्रधान संजीव कांबोज ने बताया कि नव वर्ष पर हर वर्ष बस स्टैंड परिसर स्थित शिव मन्दिर में हवन कर कर्मचारियों, यात्रियों समेत सभी प्राणियों के कुशलता के लिए हवन किया जाता है। मौके पर शहीद भगतसिंह पार्क के प्रधान अरूण धमीजा, रणधीर सिंह चौधरी, राकेश त्यागी ,जगदीश बब्बर, हरियाणा रोडवेज के कार्यशाला प्रबन्धक अश्वनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करना होगा : राणा

**पानीपत।** नशा मुक्ति समाज सुधार समिति के अध्यक्ष राजकुमार राणा ने महादेव कॉलोनी के सरकारी स्कूल में आस-पास की कॉलोनियों में नशा बेचने वालों की और नशा करने वालों की बढ़ती संख्या की गंभीरता देखते हुए मीटिंग बुलाई। उन्होंने कहा कि हमें इस विषय पर एकजुट होकर दोबारा से विचार-विमर्श करते हुए अवैध नशे के कारोबार की प्रशासन व समिति के सहयोग से आम जनता को मानसिक तौर पर समझा कर व प्रशासन के सख्त कार्रवाई के माध्यम से समाज को नशा मुक्त बनाना होगा। इस मौके पर ओमवीर पंवार, एडवोकेट बदन सिंह यादव, संतोष शर्मा, मनोज गर्ग, प्रदीप राणा, नसीब सिंह, सुखवीर गुज्जर आदि मौजूद रहे।

## आयुर्वेद का अर्थ है जीवन का विज्ञानः डॉ. अभिमन्यु

■ डीएवी कॉलेज फॉर गर्ल्स में आयुर्वे से स्वास्थ्य रक्षा पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। डीएवी कॉलेज फॉर गर्ल्स में आयोजित व्याख्यान में आयुर्वेद के महत्व को बताते मुख्य वक्ता। फोटो :हरिभूमि

डीएवी कॉलेज फॉर गर्ल्स यमुनानगर में फैकल्टी डेवलपमेंट सेल के तत्वावधान में आयुर्वेद से स्वास्थ्य रक्षा एवं बचाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. मीनू जैन ने की। भार्गव आयुर्वेद संस्थान के संस्थापक एवं सीईओ ,नाड़ी विशेषज्ञ व वेलनेस कोच डॉ. अभिमन्यु भार्गव ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। मंच संचालन योग विभागाध्यक्षा डॉ. रंजना ने किया। मौके पर एफडीपी सेल कन्वीनर डॉ. सुरेंद्र कौर ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य वक्ता डॉ. अभिमन्यु भार्गव ने कहा कि आयुर्वेद प्राचीन भारतीय प्राकृतिक और समग्र वैद्य शास्त्र चिकित्सा पद्धति है। आयुर्वेद का अर्थ है जीवन का विज्ञान और इसके अनुसार तन मन और आत्मा के बीच आप संतुलन स्थापित करके अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। आयुर्वेद में न केवल उपचार है बल्कि यह जीवन जीने का ऐसा तरीका सीखाता है जिससे आपका जीवन लंबा और खुशहाल हो जाता है। उन्होंने बताया कि एलोपैथी औषधि रोग के प्रबंधन पर केंद्रित होती है। जबकि आयुर्वेद रोग की रोकथाम और रोग को उत्पन्न करने वाले मूल कारण को देखकर उसका निदान करता है।

मौके पर प्राचार्या डॉ. मीनू जैन ने सभी स्टाफ सदस्यों को नव वर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस नए वर्ष में सभी अपने स्वास्थ्य और आहार पर ध्यान दें। क्योंकि खानपान का असर सीधा हमारी हेल्थ पर पड़ता है और हेल्थ अच्छी होगी तो हमारे कार्य के प्रति कुशलता बढ़ेगी और उत्पादकता में भी वृद्धि होगी।

## एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि रखकर सरकार ने अयोध्या धाम को प्रदान की संपूर्णता : चौहान

■ नगर निगम के मेयर मदन चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अयोध्या को विश्व भर में पहचान दिलाने के लिए जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। मेयर हाऊस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मेयर मदन चौहान।

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के मेयर मदन चौहान ने भारत सरकार द्वारा अयोध्या धाम के अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट का नाम रखकर भारत सरकार ने अयोध्या धाम को संपूर्णता प्रदान करने का कार्य किया है। वहीं, भारत सरकार द्वारा वाल्मीकि समाज को एक बड़ा मान सम्मान दिया है। जो संपूर्ण वाल्मीकि समाज के लिए सम्मान और गौरव की बात है। मेयर मदन चौहान ने सोमवार को मेयर हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सभी जातियों और धर्मों का सम्मान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान श्री राम मंदिर के परिसर में भगवान श्री वाल्मीकि के मंदिर निर्माण का बड़ा ऐतिहासिक निर्णय लेकर उनके प्रति अपना सम्मान और भक्ति दिखाई है। उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। रामायण रचयिता महर्षि वाल्मीकि जी को दिया गया इस प्रकार का सम्मान उनके संदेश को पूरे देश में फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में महर्षि वाल्मीकि जी के नाम से बनाया गया अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एटीआर-72 और एयरबस की उड़ान के लिए तैयार है। इसमें रामायण आधारित चित्रों से सुसज्जित टर्मिनल बिल्डिंग के साथ 2250 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे बनाया गया है। अब दूसरे फेज का काम शुरू कराए जाने की तैयारी है। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 11 जनवरी 2024 से अहमदाबाद और अयोध्या के बीच प्रतिदिन 3 उड़ानों का संचालन होगा। 6 जनवरी को पहली फ्लाइट दिल्ली से अयोध्या के बीच उड़ान भरेगी।

शुरुआती संचालन के बाद इस एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट शुरू होंगी। अयोध्या ग्लोबल सर्किट से सीधे तौर पर जुड़ जाएगा। मेयर मदन चौहान ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा।

सभी से अपील है कि 21 व 22 जनवरी की शाम को सभी लोग अपने घरों में दीप जलाकर इस उत्सव को दिवाली पर्व की तरह मनाएं।



### श्रीबालाजी मंदिर सेवा समिति ने नव वर्ष पर वितरित किया हलवे का प्रसाद

**रादौर।** श्रीबालाजी मंदिर सेवा समिति द्वारा नव वर्ष पर कस्बा के कॉलेज मार्ग स्थित श्रीबालाजी मंदिर के नजदीक श्रीनामदेव चौक पर श्रद्धालुओं को हलवे का प्रसाद वितरित किया। मौके पर श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर व पूजा अर्चना करके अपने परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए मंगलकामना की। मंदिर समिति के प्रधान राजीव आर्य सन्नी ने कहा कि नए वर्ष के उपलक्ष में समिति की ओर से प्रसाद वितरित किया गया है। जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। नए वर्ष के आगमन की खुशी में सभी की सुख शांति के लिए हलवे का प्रसाद वितरित किया गया है। इस अवसर पर पंडित अवध बिहारी पांडे, राकेश कांबोज, अनिल नामदेव, बिन्ना नामदेव, राजपाल कांबोज, प्रिंस कांबोज,ऋषभ कांबोज व मास्टर मूलाराम आदि मौजूद रहे।

## शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन

■ विश्व हिंदू परिषद व धार्मिक संगठनों ने संयुक्त रुप से निकाली नगर में शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। शोभायात्रा निकालते हुए प्रभु श्रीराम के सेवक।

विश्व हिंदू परिषद व धार्मिक संगठनों के सदस्यों ने सोमवार को नव वर्ष पर जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में शोभायात्रा निकालकर लोगों को घर घर जाकर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली भगवान श्रीराम जी के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पत्र भेंट किया। इस दौरान घर घर जाकर आयोध्या से आए पूजित अक्षत (पीले चावल),पत्रक व श्रीराम जी के चित्र भेंट किए। मौके पर सेक्टरवासियों ने जगह जगह पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर जोरदार अभिनंदन किया। संयोजक अशोक नारंग, सह संयोजक संदीप गुप्ता व नगर कार्यवाह अनूज गर्ग ने बताया कि शोभायात्रा में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण देने के लिए श्रीराम दरबार की झांकी को भव्य तरीके से सजाया गया। जब झांकी सेक्टर की सड़कों से गुजरी तो जगह जगह पर महिलाओं ने आरती उतारी। इस दौरान डीजे पर श्रीराम आधारित भजन बजाए गए। स्वयं सेवक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों को लोगों ने घर घर जाकर निमंत्रण पत्र व अक्षत भेंट किए और लोगों से आहवान किया कि वह श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों को दीपावली की तरह सजाएं। साथ ही नजदीक के मंदिर में आयोजित समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी तक घर घर लोगों से संपर्क कर अक्षत वितरण का कार्य किया जाएगा। जिसमें लोगों को 22 जनवरी व इसके उपरांत अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन हेतू पहुंचने का आहवान किया जाएगा।



### बिजली निगम के कर्मचारियों ने नव वर्ष पर किया हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन

*रादौर। बिजली निगम रादौर के कर्मचारियों ने सोमवार को नव वर्ष के अवसर पर कस्बा स्थित पावर हाउस में भंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व सभी कर्मचारियों ने एसडीओ बिजली निगम पंकज देशवाल व सब यूनिट के प्रधान प्रवेश सैनी के नेतृत्व में हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की गई। हवन यज्ञ के माध्यम से सभी कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। बिजली निगम रादौर कर्मचारी यूनियन के प्रधान प्रवेश सैनी ने बताया कि कर्मचारियों की ओर से सभी की सुख शांति व नए वर्ष के आगमन को लेकर भंडारे का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर सुमित पंडित, संदीप राणा, सतविंदर सिंह रिंकू, राजेश, अजय, सतीश व निर्मल आदि मौजूद रहे।*

**कार्यक्रम** | न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर में आयोजित किया वार्षिक समारोह

## बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को किया मंत्रमुग्ध

■ समारोह में मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर




यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे व मुख्यातिथियों को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करती प्रधानाचार्या। फोटो :हरिभूमि

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर (यमुनानगर) में सोमवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चों समेत अन्य स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में एएसपी हिमांद्री कौशिक व खंड शिक्षा अधिकारी करनैल सिंह संधावा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने की। कार्यक्रम के पहले चरण में कक्षा नर्सरी से चौथी तक के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहीं, दूसरे चरण में कक्षा पाँचवी से बाहरवीं तक के बच्चों ने कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम चरण में कक्षा नर्सरी के नन्हें मुन्ने बच्चों ने वाइब्रन्ट बटरफ्लाईज, डिस्को दीवाने, आसमानी छतरी की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद दूसरे चरण में विद्यार्थियों ने गणेश वदंना की प्रस्तुति देकर वातावरण को भावविभोर बना दिया। मौके पर बच्चों ने हरियाणवी लोकनृत्य की नृत्य मुद्राओं को जब मंच पर प्रस्तुत किया तो सारा प्रांगण तालियों से गूंज उठा। इस दौरान बच्चों ने कार्निवल, मोबाइल थीम व लोक नृत्य समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। मौके पर राज्य स्तरीय साइंस ड्रामा प्रतियोगियों विजेता प्रभप्रीत सिंह, शौर्य चौहान, राघव शर्मा, मन्नत, हरमनप्रीत कौर, अदिति जुयाल, लैविश, श्रीओम व उनकी डायरेक्टर ऋतु रानी व निधि राना को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इसके अलावा खिलाड़ी यशिका, युविक, महकप्रीत, श्रेया, यशीत, दिव्य, जसनूर कौर, कशिश, अर्पित, सपना व उनके कोच आदर्श राना व प्रदीप कौर को पुरस्कृत किया। शिक्षा के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि के लिए बाहरवीं व दसवीं में शानदार परिणाम अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, पुष्पराज, रमा, ऋतु शर्मा, रोहित व विशाल को उनके सराहनीय सहयोग के लिए बेस्ट कोरियोग्राफी अवार्ड से सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जीएस शर्मा ने बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव विकास ने सभी का धन्यवाद किया। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने मुख्यातिथि एएसपी हिमांद्री कौशिक व करनैल सिंह संधावा को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।



यमुनानगर के जगाधरी में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

### सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय को चरितार्थ करना है सरकार का लक्ष्य

*यमुनानगर। हरियाणा के शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय का है। उन्होंने उक्त शब्द सोमवार को जगाधरी स्थित अपने कार्यालय पर आयोजित जनता दरबार में कहे। मौके पर उन्होंने जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि वर्ष 2024 में भी गत वर्ष की तरह हम साल भर पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ जनकल्याण से जुड़ी सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने की मुहिम में और अधिक तीव्रता लाएंगे। पिछले 9 वर्षों में हमने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सुशासन की संस्कृति को विकसित करने का प्रयास किया है और काफी हद तक इसमें सफल भी रहे हैं। उन्होंने देश और प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला वर्ष सबके लिए मंगलमय हो और सबके परिवार में और अधिक सुख समृद्धि लाए। मौके पर जगाधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग,भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष निशचल चौधरी, जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग, आइटी सेल जगाधरी के अध्यक्ष पीयूष गोगियान व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल गढ़ी आदि मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप



### अक्षत वितरण व निमंत्रण का राम कार्य आरंभ

**कुरुक्षेत्र।** विश्व हिंदू परिषद का अक्षत वितरण अभियान आज नव वर्ष की पावन बेला पर आरंभ हुआ। धर्मानगरी के 10 प्रखंडों व 68 खंडों में बनाई गई 56 बस्ती प्रमुखों के नेतृत्व में बनाई गई सैकड़ो टोलियां के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल , संघ व अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकताअरं के सहयोग से अक्षत घर-घर पहुंचने का अभियान धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में आज से आरंभ हो गया। जानकारी

### मुख्यमंत्री की करनी व कथनी में कोई अंतर नहीं

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुओं के नाम जयंती सरकारी तौर पर मनाने का जो कार्य किया है व बहुत ही सराहनीय है। इससे गुरुओं के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। प्रजापति समाज की गुरुदक्ष जयंती 27 जुलाई को सरकारी तौर पर मनाने का फैसला लिया है।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विवि में मनाया नववर्ष

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में वर्ष 2023 को विदाई, नववर्ष 2024 का स्वागत और अभिनंदन धूमधाम से किया गया। मंच संचालन करते हुए बीके अमिता मित्तल ने मंचासीन महानुभावों का हार्दिक अभिनंदन कर परिचय दिया। इस दौरान कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल मुख्य अतिथि और कुरुक्षेत्र विवि रेड क्रॉस के कोऑर्डिनेटर और यूसीक के प्रोफेसर डॉ दिनेश राणा विशिष्ट अतिथि रहे।



### शेप्स जिम का कटारिया ने किया शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरज भान कटारिया ने भी आज प्रातः जिम का अवलोकन कर शुभारंभ किया। जिम के संचालक लाभ सिंह जिनका जिमखाना क्लब में कई वर्षों का जिम संचालन का अनुभव है। जिम में आधुनिक मशीन युवाओं को आकर्षित कर रही है। सूरजभान कटारिया ने बताया है कि हमारे युवा पीढ़ी जो कि खानपान और समय के भाव के कारण अपने शरीर को समय नहीं दे पा रहे हैं।

### बाबा बंसी वाले का अवतरण दिवस मनाया

**लाडवा।** बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम में सोमवार को परम पूज्य बाबा बंसी वाले का अवतरण दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जानकारी देते हुए आयोजक कांवड सेवा दल के सचिव अनुज गोयल ने बताया कि वृद्ध आश्रम में वैदिक हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान मुकेश गर्ग व उनका परिवार था।

---

### लोगों ने साल के पहले दिन मंदिरों में जाकर मत्था टेक की मंगलकामना

# जिलेभर में उत्साह व उमंग के साथ हुआ नव वर्ष 2024 का आगाज

**नए वर्ष पर चारों ओर दिखा उत्सव जैसा माहौल, रातभर होटलल्स में होती रही पार्टी, संस्थानों का माहौल भी रहा रंगीन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नववर्ष का आगाज जश्न के साथ हुआ। जगह-जगह नववर्ष के लिए आयोजन हुए, जहां लोगों ने नाच-गाकर नववर्ष का स्वागत किया। नव वर्ष मंगलमय की कामना के साथ 2024 का आगाज जिला में पूरे उत्साह व उमंग के साथ हुआ। शीत लहर के बीच नए साल का आगाज हुआ। जैसे ही 12 बजे हर तरफ हैप्पी न्यू ईयर की धूम देखने को मिली। पटाखे फोड़कर लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की मुबारकबाद दी। वहीं कई होटलों में तो संगीत की धुनों पर थिरक कर नए साल का जश्न मनाया गया। सुबह लोग स्नान ध्यान करके एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देने लगे। वहीं कुछ लोग मंदिरों में जाकर मत्था टेका मंगलकामना की। इसके चलते मंदिरों में काफी भीड़ रही। इधर युवा वर्ग पार्क, होटल आदि सार्वजनिक स्थलों पर



कुरुक्षेत्र। दुखभंजन मंदिर में पूजा करते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

जाने की तैयारी में जुट गए। पूरे दिन होटलों आदि सार्वजनिक स्थलों पर अपार भीड़ रही। नए साल को लोगों ने पर्व की तरह मनाया। नववर्ष को लेकर खासकर युवाओं में गजब का उत्साह देखा गया। सड़कों पर सुबह से ही लोगों का रेला लग गया। शहर से लेकर गांव तक गुब्बारों से पटे रहे तो घर-घर में उत्सव सा माहौल रहा। इसमें जगह-जगह डीजे बजते रहे जिसकी धुन पर युवा थिरकते रहे। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। नववर्ष पर लोगों ने खूब मस्ती की जिससे चारों ओर माहौल खुशनुमा बना रहा। नववर्ष को लेकर होटलों व रेस्टोरेंटों में सुबह से ही तैयारियां आरंभ हो गई थी। होटलों में नववर्ष के लिए विशेष प्रकार के मीनू तैयार किए गए, जिसमें कपल व युवाओं के लिए अलग-अलग प्रकार का इंतजाम किया गया। वहीं होटलों में डांस फ्लोर भी बनाए गए थे, जहां देर रात तक युवा थिरकते रहे। नववर्ष को लेकर उत्साहित युवा वर्ग ने डांस करने के लिए कई जगहों पर तैयारियां की, जहां पर युवाओं ने खाने-पीने के पूरे इंतजाम किए गए थे। वहीं रेस्टोरेंटों में भी तैयारियां की गई, जहां देर रात तक लोगों ने मिलकर नववर्ष का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मैनेजर जगन्नाथ शर्मा, ज्ञान चंद पराशर, कुलवंत भट्टी, राजेंद्र कौशिक, पूर्व पार्षद राज गौड, बंटी, एचके पाल, राजकुमार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, डा. सत्य नारायण शर्मा, श्याम बारना, दर्शन पूरी, मनोहर लाल खुंगर, राजपाल कोहली, पंडित सुशील शास्त्री, दर्शन पाहवा, शुभम, श्याम सुंदर अरोड़ा, प्रदीप तिवारी, विनोद शर्मा, शिव कुमार शर्मा आदि श्रद्धालु प्रमुख रुप से मौजूद रहे। नववर्ष पर गुब्बारों व फूलों की दुकानों पर मारामारी की स्थिति रही। ऐसे में फूल व गुब्बारे वालों की नववर्ष पर काफी चांदी रही। इसमें लाल गुलाब की तो गजब की डिमांड रही। लाल गुलाब की एक कली 15 से 20 रुपये में बिकी। फूलों की दुकानों पर रात से ही लोगों की भीड़ रही। इसमें बुके के रेट काफी महंगे रहे।




लाडवा। नव वर्ष जशन मानते रोटरी क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी क्लब ने धूमधाम से किया नववर्ष का आगाज

लाडवा। शहर की अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब ने नववर्ष का स्वागत बहुत धूमधाम से किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन पूर्व प्रधान डॉ अमृत गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निजी पैलेस में क्लब की तरफ से नववर्ष के आगमन के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें क्लब सदस्यों ने परिवार सहित भाग लिया। कार्यक्रम में आये हुए सभी सदस्यों का पूर्व प्रधान डॉ अमृत गर्ग 3ने स्वागत किया। क्लब के सभी सदस्यों व अतिथि परिवारों सहित सभी को वाइट हाउस, ब्लैक बीस्ट्स, ब्लू बर्ड्स व ग्रीन बीज 4 टीमों में वितरित किया गया जिन्हें दुर्गेश गोयल, अमित सिंघल व अरुण करुडवाल की टीम ने टीमों को विभिन्न प्रकार की गेम्स खिलाकर व अंताक्षरी कराकर आपस में प्रतियोगिता के माध्यम से पूरे कार्यक्रम को आनंदित किया। इस प्रतियोगिता में ब्लैक बीस्ट्स टीम ने बाजी मारी जिन्हें न्यू ईयर 2024 चैंपियंस खिताब से सम्मानित किया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने नाच गाकर मस्ती के साथ नववर्ष का स्वागत किया।

---




कुरुक्षेत्र। पूजित अक्षत देते टोली में शामिल रामभक्त।

### अयोध्या जाने का दिया निमंत्रण

कुरुक्षेत्र। जिले में अयोध्या राम मंदिर से आए पूजित अक्षत (पीले चावलों) को घर-घर बांटने का कार्य शास्त्री नगर में सोमवार से शुरू हो गया। शास्त्री नगर में अक्षत वितरण के लिए दो टोलियों का गठन किया गया जो प्रत्येक घर जाकर अक्षत वितरित करने का कार्य कर रही है। टोली में हरिओम मंदिर के पुजारी पंडित अरूण मिश्रा, शमशेर शर्मा, चेतराम शर्मा, भूदेव सिंह, शुभम गोयल, सुभाष अरोड़ा, बलदेव शर्मा, जितेंद्र शर्मा, तरूण वधवा, ललित, पवन गुप्ता, विरेंद्र शौरी, राकेश सूरी, नवीन, राजीव शर्मा शामिल रहे। टोली में शामिल रामभक्त शास्त्री नगर के प्रत्येक घर पर जाकर परिवारों को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर उनसे राम मंदिर दर्शन करने अयोध्या धाम जाने का निवेदन कर रहे है। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी लोगों से अपने घर में पांच दीपक जलाने एवं घर के सामने रंगोली व लाइटिंग इत्यादि करने का आग्रह भी कर रहे है।




### रक्त मनुष्य के जीवन की डोरः वर्मा

**कुरुक्षेत्र।** नव वर्ष के आगमन पर विश्व पारिवारिक दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में 481वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि मानव मित्र मंडल के संयोजक भारतेन्दु हरीश ने शिविर की अध्यक्षता की। रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष एवं अंकेक्षक नरेश सैनी ने शिविर की अध्यक्षता की। मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने युवाओं को बैज लगाकर युवाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान न केवल महादान है अपितु रक्त मनुष्य के जीवन की डोर संजोकर रखने में महत्वपूर्ण कार्य करता है। शिविर की अध्यक्षता कर रहे भारतेन्दु हरीश ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए।

---

## नए साल में लोक निर्माण विभाग की तरफ से 49 सड़कों का दिया जाएगा तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



- क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के साथ दूसरे विकास कार्य भी किए जाएंगेः सुधा

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि नव वर्ष 2024 में लोक निर्माण विभाग की तरफ से करीब 49 सडकों का तोहफा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों को दिया जाएगा। इन सडकों के निर्माण कार्य पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इन सडकों के निर्माण सामग्री की गुणवता पर विशेष फोकस रखा जाएगा। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की तरफ से नए साल में विभिन्न गांवों की 49 सडकों का निर्माण कार्य करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इन सडकों में थानेसर पिहोवा रोड़ से किरमच, हथीरा, रायसन कुरुक्षेत्र सीमा तक, किरमच से जांबा, किरमच रोड से समसीपुर, सलारपुर रोड से सुनहेड़ी खालसा, अमीन रोड से चंद्रभानपुरा, ढांड रोड से बारवा, ढांड रोड से डेरा बाजीगर, पिहोवा रोड से मिजार्पुर, ढांड रोड से बारना, भवानी खेड़ा लुखी से घमूरखेड़ी, घमूरखेड़ी से सिंगपुरा, लूखी से बगथला, झांसा रोड से हंसाला, झांसा रोड से शादीपुर सैयदां, पिहोवा रोड से इंदबड़ी, पिहोवा रोड से रावगढ़, पिहोवा रोड़ से ज्योतिसर मंदिर तक, पिहोवा रोड़ से बगथला वाया नरकतारी जोगना खेड़ा सडक का निर्माण कार्य किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि उमरी रोड से खेड़ी रामनगर वाया पलवल, उमरी रोड से सुंदरपुर, बारना से बारवा, घराड़सी से बारना, किरमच से बारना, झिंझरपुर से रायसन, बहादुरपुरा से पेट्रोल पंप तक निर्माण कार्य कि जाएगा।

### एनएसएस व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम : अनिल

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने दीप प्रज्वलित करके किया। उद्घाटन कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार ने सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की ।उसके बाद विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें समाज जागरण स्वयंसेवकों की भूमिका व आत्मनिर्भर भारत विषय के बारे में विस्तार से बताया तथा समाज के विकास में अपना योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

## नए साल के अवसर पर सत्संग का आयोजन

- नव वर्ष में लें सत्संग, सेवा व परोपकार का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजेन्द्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरुप अनंत आश्रम नंगली वाली कुटिया में रात्रि को नववर्ष के अवसर पर सत्संग का समापन किया गया। जिसका शुभारंभ आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी महाराज एवं संत अगम पुरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर प्रवचन करते हुए संत प्रकाश पुरी जी महाराज ने कहा कि इंसान मोह माया से जुड़ गया है और प्रभु के नाम को भूल गया है। धर्म और आध्यात्मिकता को अलग करके देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन से ही परमात्मा की प्राप्ति की जा सकती है। ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति के बाद ही भक्ति आरंभ होती है। उन्होंने कहा कि नूतन वर्ष में सत्संग, सेवा, सुमिरन, परोपकार, खुशी देने और गुरुमत देने वाली चाल को मजबूत करना है। साल करा पहला दिन नई उमंग व उत्साह के साथ नए फैसले लेने को दिन है। नववर्ष के सुंदर भावों, परहित के भावों से युक्त होकर विचरण करने का संकल्प लेना चाहिए। मंच का संचालन चंद्र प्रकाश धमीजा ने किया।



कुरुक्षेत्र। मंच पर विराजमान आश्रम के संचालक संत प्रकाश पुरी जी महाराज एवं संत अगम पुरी। फोटो : हरिभूमि

---




थानेसर। श्रीखाटूश्याम संकीर्तन में भाग लेते श्याम भक्त। फोटो : हरिभूमि

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे भक्त

**थानेसर।** श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), कुरुक्षेत्र द्वारा रविवार रात्रि मिश्रान चौक, कटरान गली में श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और महासचिव रमेश शर्मा ने बताया कि आयोजक न्यू फ्रैंड्स क्लब, थानेसर के सदस्यों अंशुल गौड़, भानू गौतम, अरुण पंडित, आरूष शर्मा, हरभजन भज्जी, जसपाल जस्सा, नितेष जोशी, रोहित वत्स और जगमीत राणा आदि ने श्याम पूजन किया जबकि कांग्रेस नेता सूर्य प्रताप सिंह राठौर ने बतौर मुख्यातिथि श्याम ज्योत प्रज्ज्वलित की। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में पिहोवा के गायक भूषण शर्मा ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ।

## अजय चांदना की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता निकेतन आवासीय विद्यालय एक परिवार के समान है। यहां कार्यरत प्रत्येक साथी विद्यालय की उन्नति में अमूल्य योगदान देने हेतु सदैव तत्पर रहा है। भारतीय पावन परम्परा के अनुसार इस महत्व को प्रदर्शित करते हुए गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के पावन प्रांगण में लगभग 28 वर्षों तक सेवाएं निभाने वाले कनिष्ठ अभियंता अजय चांदना की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नारायण सिंह ने अजय चांदना की विद्यालय के भवन निर्माण में मुख्य एवं प्रेरणादायक भूमिका को मुक्तकंठ से सराहा। मुख्य पर्यवेक्षक तेजवीर, डॉ संतोष देवांगन, कमल किशोर ने अजय चांदना के विद्यालय में निभाए विभिन्न उत्तरदायित्वों से अवगत करवाया। विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने अजय की विद्यालय के प्रति निष्ठा एवं सेवा भाव की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह, प्रबंधक पवन गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी एवं प्रबंध समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।




## सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुवि में होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कश्मीर से चली सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित भव्य स्वागत समारोह की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मंगलवार को सीनेट हॉल में दोपहर 2 बजे करेंगे। उल्लेखनीय है कि मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा में कश्मीर के विद्यार्थी शामिल हैं। नारी को सम्मान, शहीदों को सलाम, देश के लिए करे जो काम, युवाओं की यही पहचान उद्देश्य को लेकर इस यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक आयोजित की गई है जिसमें लगभग 100 छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। इस यात्रा के माध्यम से युवा अखंड भारत का संदेश तो देंगे ही इसके साथ ही देश के शहीदों की कुर्बानियों को याद कर उन्हें नमन भी करेंगे। इस यात्रा में कश्मीर के बेटे एवं बेटियां पूरे देश के लिए एकता का संदेश लेकर आ रहे हैं।

---

## इंसानियत ट्रस्ट ने कैंसर पीड़ित के उपचार में कि मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर

इंसानियत ट्रस्ट समाजसेवा के कार्यों में लगातार भागीदारी कर रही है। इंसानियत ट्रस्ट अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने के लिए आगे आ रही है। जरूरतमंद व्यक्ति किसी भी समाज और संप्रदाय का हो इंसानियत ट्रस्ट उस व्यक्ति को सहायता के लिए निरंतर आगे आ रही है। इसी कड़ी में इंसानियत ट्रस्ट ने एक कैंसर पीड़ित परिवार की सहायता करते हुए इस परिवार को आर्थिक दी है। वहीं इंसानियत ट्रस्ट ने इस परिवार की मदद कर पीड़ित व्यक्ति की सही सलामती के लिए परमात्मा से दुआ की है। ट्रस्ट के संचालक कर्ण सैनी ने बताया कि इंसानियत गरीब जरूरतमंद लोगों की मदद करने से भी पीछे नहीं है।



इसका एक ही मकसद है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद की जाए ताकि वह व्यक्ति भी समाज का अंग बन सके। इतना ही नहीं इंसानियत ट्रस्ट इससे आगे बढ़ते हुए उन लोगों के लिए भी काम कर रही है जो आर्थिक रूप से मददगार है और ऐसे परिवारों को इंसानियत ट्रस्ट आर्थिक मदद मुर्हया कर रही है । इसके अलावा इंसानियत ट्रस्ट अनाथ बच्चों का भी सहारा बन रही है जिन बच्चों के पास स्कूल की फीस अदा करने के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं है।

### कार्यशालाएं कर्मचारियो कौशल विकास में सहायकः प्रो. संजीव

**कुरुक्षेत्र।** केयू के ट्रेनिंग प्लानिंग एवं मॉनिटरिंग सेल द्वारा यूआईईटी संस्थान में विवि के कर्मचारियों के लिए साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा की कार्यशालाएं कर्मचारियों के कौशल विकास में सहायक होती हैं। वर्तमान तकनीकी युग में कर्मचारियों को समय के अनुसार आने वाली चुनौती से निपटने के लिए अपने आपको अपडेट रखना आवश्यक है। नई-नई जानकारी उनके करियर में सफलता प्रदान करती है। विश्वविद्यालय हमेशा अपने कर्मचारियों के हित के कार्य करता रहा है।

### मानव सेवा और जनकल्याण के प्रण के साथ काम करें प्रत्येक

## नववर्ष के शुभारंभ पर लिए नया करने के संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के अंतर्गत लाडवा नंबरदार एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन लाडवा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता हलका प्रधान जंग शेर बन द्वारा की गई जिसमें हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता हरप्रीत चीमा विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस मीटिंग में मंच का संचालन नंबरदार सुभाष चंद्र द्वारा किया गया। प्रदेश प्रवक्ता हरप्रीत चीमा व हल्का प्रधान जंग शेर की अध्यक्षता में सभी उपस्थित नंबरदारों ने केक काटकर नए वर्ष का स्वागत किया व सभी उपस्थित नंबरदारों को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। चीमा ने नव वर्ष के अवसर पर नंबरदारों का आह्वान करते हुए कहां की सभी नंबरदार नव वर्ष के शुभारंभ पर मानव सेवा व मानव कल्याण को सर्वोपरि मानकर समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी होकर काम करेंगे जिससे कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद की जा सके और इस मुहिम के तहत 36 बिरादरी के भाईचारे को भी मजबूत किया जाए। नंबरदार प्रशासन और जनता के बीच एक मजबूत कड़ी का काम करता है और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर पहुंचने का काम करता है जिससे कि समाज के हर वर्ग का फायदा हो सके। चीमा ने कहा की बढ़ती ठंड के प्रकोप के कारण प्रत्येक नंबरदार अपने-अपने एरिया में यह सुनिश्चित करें कि कोई भी ऐसा व्यक्ति ना हो जिसे के सिर पर छत ना हो और अगर कोई ऐसा परिवार है जिसके रहने के लिए घर या कोई व्यवस्था नहीं है तो उसके लिए सभी साथी मिलकर जरूरी कदम उठाए।



लाडवा। मासिक मीटिंग में भाग लेते हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजीव बड़ूंदी, सुभाष चंद्र नंबरदार, लालचंद नंबरदार, निर्मल सिंह नंबरदार, परमजीत सिंह, जसवीर सिंह, रणदीप सिंह, दर्शन, संजीव बड़ाजपुर, तिलक राज गोडाला, रामस्वरूप, मांगे राम, ऋषिपाल, सोनू राम जैनपुर, विपिन कुमार, राजवीर सिंह गजलाना, महावीर सिंह बरटोली, जयपाल, अनिल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बराड़ा में दर्ज मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज मामले में वांछित आरोपी कौशल कुमार को अदालत ने बेलजंपर घोषित किया था। 31 दिसंबर 2023 को इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल आरोपी काफी समय से अपने मामले की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से अदालत ने उसे पीओ घोषित किया था। अब पुलिस ने आरोपी को काबू किया है।

### 11 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी साहिल को 11 बोतल शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब तस्करी का कारोबार करता है। इसी आधार पर पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया।

### दो आरोपियों को किया काबू

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज लापरवाही से हुई दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी पवन कुमार व रजत को काबू किया है। अब दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। तरसेम सिंह ने 12 दिसम्बर 2023 को थाना नग्गल में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 दिसंबर 2023 को मटेहड़ी शेखां में स्थित जेपी रिसोर्ट में कैटरिंग मालिक व कैंडी मशीन चलाने वाले की लापरवाही से हुए हादसे में उसका बच्चा आग में झुलस गया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हर्षोल्लास से मनाया नव वर्ष का पर्व

**उचाना।** नव वर्ष का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सोमवार को नव वर्ष की शुरूआत होने पर उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। देवभूमि बनभौरी के माता भ्रामरी धाम पहुंच कर भी नव वर्ष पर श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए माता से प्रार्थना की। गौशालाओं में भी लोगों ने परिवार के साथ पहुंच कर हरा चारा, गुड़ गायों को डाला।

### स्वयंसेवकों ने गोशाला में किया श्रमदान

**जींद।** कलीराम डीएवी पब्लिक स्कूल सफीदों में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी के दिशा निर्देशानुसार स्वयंसेवकों ने सफीदों श्री स्वामी गौ रक्षानंद गौशाला में श्रमदान किया। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते कहा कि गौधन अमूल्य धन है जिससे दूध, दही, घी का अमृत भंडार मिलता है।

### कल पुरानी अनाज मंडी में विकास रैली : शर्मा

**जींद।** अजमेर बस्ती में श्वेता, आशा, तृप्ता सहित अन्य महिलाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन संयोजक शिवनारायण शर्मा ने कहा कि जिला जींद के लोग अपने इस इलाके के पिछड़ेपन को दूर करना चाहते हैं और अपने नौजवानों को यहां पर रोजगार चाहते हैं। तीन जनवरी को महिलाएं और जींद की जनता पुरानी अनाज मंडी में होने वाली विकास रैली में हिस्सा लेंगी।

---

### बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों को गुलदस्ता देक पढ़ाया नियमों का पाठ

# ट्रैफिक नियमों की पालना के लिए पुलिस की नए साल पर अनोखी ड्राइव

**बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को पुलिस की ओर से गुलदस्ते देखकर उन्हें यातायात नियमों की पालना का आग्रह किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस की ओर से नए साल के पहले वाहन चालकों को अनोखे ढंग से यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। पुलिस के तमाम अफसर इस ड्राइव में शामिल हुए। खासकर बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को पुलिस की ओर से गुलदस्ते देखकर उन्हें यातायात नियमों की पालना का आग्रह किया। उधर पुलिस ने गलत लेन में वाहन चलाने वाले ट्रक चालकों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया।

#### जगाधरी गेट पर दिए गए गुलदस्ते

सोमवार को अंबाला शहर की पुलिस की ओर से जगाधरी गेट पर यातायात के नियम तोड़ने वाले दो पहिया वाहन चालकों को जागरुक किया।

चौकी प्रभारियों के साथा खुद एसएचओ कोतवाली मुनीष शर्मा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते नजर आए। उन्होंन सभी वाहन चालकों से हादसों से बचाव के लिए नियमों की पालना का आग्रह किया।

खासकर बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों क उनके अनमोल जीवन की अहमियत के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह जीवन बेहद अनमोल है। इस जीवन की अहमियत उनके परिवार व समाज के लिए बेहद जरुरी है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से ट्रैफिक नियमों की पालना का आग्रह कि।

साथ ही बिना हेलमेट घर से बाहर निकलने वाले वाहन चालकों को फूलों का गुलदस्ता देकर नए साल पर हेलमेट का इस्तेमाल करने का आग्रह किया।

साथ ही सभी वाहन चालकों को साल की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।



अंबाला। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले को गुलदस्ता देते एसएचओ मुनीष शर्मा।

#### 10 भारी वाहनों के चालान

पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा द्वारा 25 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राइविग (बांई लेन) निर्धारित करने व बांई लेन में चलने हेतू वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू किय था। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढ़ता से करवाई करें। मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के तहत निर्धारित गति सीमा व बांई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सोमवार को नए साल के पहले दिन ऐसे 10 वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 594 दिनों में 29482 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक ने उप-पुलिस अधीक्षक यातायात व प्रबंधक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि वे मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 तहत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबंधित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बांई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को हादसे का शिकार न होना पड़े। यदि कोई भी वाहन चालक निर्धारित गति सीमा व बांई लेन में न चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। एसपी ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के तहत निर्धारित गति सीमा व बांई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

---


नारायणगढ़। एसडीएम ऑफिस के बाहर अनशन पर बैठे किसान।

# बकाया भुगतान को लेकर गन्ना किसानों ने दिया धरना

- स्थिति के लिए सरकार व प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार, कहा अभी तक सरकार ने मामले में नहीं उठाया कोई कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

कड़ाके की ठंड के बावजूद भी गन्ना मिल की कुर्की को लेकर किसानों के बकाया भुगतान को लेकर नए साल पर सुबह दस बजे से ही एसडीएम कार्यालय परिसर में अनशन शुरू कर दिया । अनशन पर पांच किसान विक्रम राणा उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन शाहिद भगत सिंह, संजीव कुमार बख्तुआ उत्तरी हरियाणा प्रभारी संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन, धर्मवीर धीमान महासचिव संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन, पंकज बुड्ढा खेड़ा उपाध्यक्ष संयुक्त किसान मजदूरी इंकलाब यूनियन व गन्ना उत्पादक किसान सुखबीर बख्तुआ अनशन पर बैठे।

किसानों ने कहा कि वह 27 तारीख से एसडीएम दफ्तर के सामने धरने पर बैठे हैं पर सरकार और प्रशासन उनकी सुध नहीं ली। इसलिए उन्होंने नव वर्ष के अवसर पर अनशन का निर्णय लिया। धरना निश्चित काल के लिए जब तक किसानों की समस्या का हल नहीं होता जारी रहेगा। विक्रम राणा ने कहा सरकार किसानों की सुध नहीं ले रही। प्रशासन को किसानों के बकाया भुगतान की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पर सरकार और प्रशासन कोई भी जिम्मेवारी नहीं ले रहा इसलिए धरना और अनशन शुरू किया गया। संजीव कुमार बख्तुआ ने कहा की यह किसानों के हक अधिकार की लड़ाई है। अंतिम सांस तक लड़ेंगे। सरकार को किसानों की समस्या का समाधान करना चाहिए। पंकज बुढ़ाखेड़ा ने कहा कि किसान और मजदूर की एकता से ही व्यवस्था को बदला जा सकता है। इसलिए हम मिलकर यह लड़ाई लड़ रहे हैं। धर्मवीर धीमान ने कहा की सरकार भाईचारा तोड़ना चाहती है लेकिन वह समझ ले कि वह हर व्यक्ति जो किसान के द्वारा पैदा की गई फसल की रोटी खाता है वह किसानों के साथ है। सुखबीर सिंह बख्तुआ ने कहा कि मिल बड़ी समस्या बन चुका है इसके लिए हमें अपने स्तर पर खुद एकजुट होकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी। संयुक्त किसान मजदूर इंकलाब यूनियन के अध्यक्ष धर्मवीर ढींडसा ने बताया कि यह किसानों के हक की लड़ाई है वह कोई खैरात नहीं मांग रहे। कानूनन जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की है तो वे जिम्मेदारी से भाग क्यों रहे हैं? सरकार और प्रशासन के रवैया से साफ होता है कि मिल में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है इसलिए धरना आगे जारी रखने का किसानों ने निर्णय लिया है।

---

# अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ

- ओबीसी मोर्चा सचिव ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव व कॉओप्रेटिव सोसायटी के निदेशक कर्म सिंह बिट्टू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को जोडक़र हरियाणा के मुख्यमंत्री ने एक अनूठी पहल की है। इससे कि लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण करवाया जा सके। उन्हें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कामों से अवगत करवाया जा सके। बिट्टू सोमवार को गांव फजैलपुर व साहिबपुरा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाई तथा नव वर्ष की शुभकमानाएं भी दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। अंतिम छोर में खड़े योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प हैं।


अंबाला। संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलवाते मुख्यअतिथि व अन्य।

---

# हिट एंड रन के नए कानून का कड़ा विरोध

- सड़कों पर उतरकर ट्रक चालकों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

- तहसीलदार को पीएम के नाम ज्ञापन देकर नए कानून को तुरंत निरस्त करने की मांग, कहा ट्रक चालक देश की रीढ, सरकार कर रही है तोड़ने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

हिट एंड रन कानून के विराध में सोमवार को ट्रक चालक भी हड़ताल पर उतर आए। सैकड़ो ट्रक चालक कड़ाके की ठंड के बावजूद यहां नई अनाजमंडी में जमा हुए। इस दौरान ट्रक चालकों ने नए कानून के लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद चालकों ने बाजारों में भी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बाजार से होते हुए भी किसान लघु सचिवालय पर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार हरि ओम अत्री को सौंपा। बता दें कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी पाए जाने पर चालक के लिए सात लाख रुपये का जुर्माना व दस साल तक की कैद का प्रावधान किया है। ट्रक चालक इसी नए कानून का विरोध कर रहे हैं। ट्रक चालकों ने अपने वाहन खड़े कर सरकार के नए कानून का पुरजोर तरीके से विरोध किया है। ट्रक चालकों ने कहा कि वे इस कानून क पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस कानून में ट्रक चालकों के हितों की अनदेखी की है। चालकों ने सरकार से इस कानून को तुरंत प्रभाव से भंग करने व राष्ट्रीय चालक आयोग व प्रदेश चालक आयोग का गठन करने की मांग की। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि उनकी 29 मांगें हैं लेकिन प्राथमिकता के आधार पर जो कानून लागू किया गया है उसे तुरंत निरस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि चालक देश की रीढ़ की हड्डी है लेकिन सरकार हड्डी के बचाव की बजाय उसे तोड़ने पर लगी है।


नारायणगढ़। एसडीएम से मुलाकात के लिए लघु सचिवालय पर इकटठे हुए चालक।

---

# स्वतंत्रता सेनानी साधुराम का त्याग व बलिदान अविस्मरणीय

- राह संस्था ने स्वतंत्रता सेनानी की पुत्री को किया सम्मानित, पौधे भी वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन व केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के निदेशक नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि साधुराम जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के कारण ही हमारा देश भारत आजाद हुआ। हम सब अब एक आजाद देश के नागरिक बन पाए हैं। वो महान स्वतंत्रता सेनानी बटुकेश्वर दत्त की बम दस्ता टीम के सदस्य रहे। स्वतंत्रता सेनानी साधुराम की जयंती अवसर पर गांव जंडली में आयोजित पौध वितरित कार्यक्रम के तहत उनकी 65 वर्षीय बेटी विनोद बाला को सम्मानित कर रहे थे। इससे पहले विनोद बाला को राह संस्था की तरफ से शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया गया। इस दौरान इस दौरान राह संस्था की टीचर्स ट्रेनिंग विंग के नेशनल प्रभारी प्रवीन पटपटिया, कोच शम्मी राजपूत सहित राह संस्था से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। सेलपाड़ ने कहा कि यह हमारी संस्था के लिए बहुत ही गर्व का बात है कि उन्हें ऐसे महान साधुराम के परिवार को सम्मानित करने अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी साधुराम व इस परिवार के त्याग व बलिदान को सदियों तक याद किया जाएगा। जालंधर जिले के काहमा गांव में गेंदा राम के घर में 1 जनवरी 1925 को जन्मे स्वतंत्रता सेनानी साधुराम बचपन से देश को आजाद करवाने के सपने देखते थे। अमर शहीद भगत सिंह, दुर्गा भाभी व आजाद सिंह जैसे क्रांतिकारियों को अपना आदर्श मानने वाले स्वतंत्रता सेनानी साधुराम ने महज 14 वर्ष की आयु में ही अपनी पढ़ाई छोड़ कर क्रांतिकारियों के लिए बम बनाना सीख लिया था। वर्ष 1940 में अंत में बम बनाते समय एक बम उनके हाथ में ही फट गया था। जिसमें उनका एक हाथ पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते उन्हें मजबूरन बम बनाने के दस्ते से दूरी बनानी पड़ी। मगर उन्होंने अपनी आजादी की लड़ाई जारी रखी। सेलपाड़ के अनुसार स्वतंत्रता सेनानी साधुराम सत्याग्रह आंदोलन व भारत छोड़ो आंदोलनों का हिस्सा बने रहे। इसी कड़ी में 10 फरवरी 1941 को सरकार विरोधी भाषण देने की सजा के तौर पर उन्हें गिरफ्तार किया और 1 साल तक जेल में रखा गया। इसी प्रकार वर्ष 1942 में 5 जून और 15 अगस्त को फिर से गिरफ्तार किया। इस दौरान वो स्वतंत्रता सेनानी लाला बलवंत राय तायल व अन्य अग्रिम पंक्ति के स्वतंत्रता सेनानियों के साथ वो सेंट्रल जेल लाहौर व मुल्तान सहित देश की अलग-अलग जेलों में करीब छह वर्ष तक बंद रहे। आजादी के इस नायक को तीन ताम्र पत्रों व कई आवार्डों से समय-समय पर संयुक्त पंजाब व हरियाणा सरकारों द्वारा नवाजा गया।टीचर्स ट्रेनिंग विंग के नेशनल प्रभारी प्रवीण पटपटिया ने कहा कि अनुसार आजादी के बाद अंबाला की मुख्य आर्मी कैंटीन के संचालन की जिम्मेवारी स्वतंत्रता सेनानी साधुराम को ही मिली थी।


अंबाला। स्वतंत्रता सेनानी साधुराम की पुत्री को सम्मानित करते चेयरमैन नरेश सेलपाड़ व अन्य।

---


अंबाला। वरिष्ठ नागरिक सदन जीवन धारा में बुजुर्गों से बातचीत करती मेयर शक्तिरानी शर्मा ।

### वरिष्ठ नागरिक सदन के बुजुर्गों के साथ मेयर ने मनाया साल, सुभाष पार्क में करवाएंगी लंच

**अंबाला।** रेडक्रॉस सोसायटी के वरिष्ठ नागरिक सदन जीवन धारा में सोमवार के मेयर शक्ति रानी शर्मा ने बुजुर्गों का हाल-चाल जाना। उन्हें आने वाले नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं। बुजुर्गों के स्वास्थ्य की कामना की। शक्तिरानी शर्मा ने बताया कि मौसम ठीक होने पर हम उन्हें अंबाला छावनी के सुभाष पार्क में भ्रमण करवाएंगे वह लंच का आयोजन करेंगे। इस अवसर पर मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि मैं अपने बुजुर्गों, माताओं, बहनों के साथ नया साल मनाने आई हूं। बहुत अच्छा समय बीता। सभी ने यहां भजन कीर्तन किया। अंत में उन्होंने सभी अम्बाला वासियों को अपने व अपने परिवार की ओर से नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परमपिता परमात्मा से कामना करती हूं कि अंबाला वासियों को स्वस्थ व प्रसन्न रखे। साथ ही मैं यह भी प्रार्थना करती हूं कि सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हों और सब खुश रहें। कार्यक्रम अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सैनी ने बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसायटी अंबाला समय-समय पर बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी शिविर और मनोरंजन के कार्यक्रम का आयोजन करती है।

---

### पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं संग मनाया नव वर्ष

**जींद।** पूर्व विधायक जसबीर देशवाल ने सोमवार को शहर की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं संग नववर्ष का जश्न मनाया। इस मौके पर देशवाल ने कहा कि नववर्ष का प्रारंभ विजय संकल्प के साथ करें। उन्होंने कहा कि हम सभी गांवों में जनजागरण अभियान के माध्यम से लोगों को अपनी उपलब्धियों और विकास कायोंर् का ब्योरा देंगे। लोगों को नेता का चुनाव योग्यता और अनुभव के आधार पर करने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति से समाज नहीं सुधर सकता है बल्कि समाज राजनीति को सुधारता है। सरकार ने पिल्लूखेड़ा को औद्योगिक क्षेत्र बनाने की मांग को स्वीकार कर लिया है। दोबारा विधायक बना तो इस क्षेत्र में सैंकड़ों उद्योग धंधे स्थापित कर बेरोजगारी की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर दूंगा। एक्सप्रेस वे 152डी बनने के दौरान ही औद्योगिक क्षेत्र का मसौदा तैयार तैयार किया था। इस परियोजना से आसपास के गांवों की न सिर्फ तकदीर बदलेगी बल्कि पूरे हलके को नई पहचान मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

---

### नए साल की बधाई लेने से पहले पेडेंसी रिपोर्ट शून्य की

# अनोखे अंदाज से डीईओ कार्यालय के स्टाफ ने मनाया नया साल

- पुराने साल के सभी पेंडिंग कार्य निपटाए, फिर शिक्षा अधिकारी ने एक सप्ताह पहले जारी किए थे आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हर व्यक्ति ने नए साल का जश्न अपने ढंग से मनाया। ज्यादातर ने एक दूसरे को बधाई संदेश भेजे। किसी ने फूल देकर तो किसी ने उपहार या फिर मिठाई खिलाकर नए साल की बधाई दी। मगर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में तैना स्टाफ ने इस बार कुछ अलग ही अनोखे ढंग से नए साल का स्वागत किया। नए साल का प्रारंभ होने से एक सप्ताह पहले जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कार्यालय के सभी कर्मियों को एक लिखित अपील की गई थी जिसमें कहा गया था कि नव वर्ष प्रारंभ होने वाला है। नए वर्ष प्रारंभ होने पर हम सभी एक दूसरे को स्वस्थ और सकुशल रहने के लिए शुभकामनाएं देते हैं। परंतु इस साल नए साल में कदम रखने से पहले हम सब का यह लक्ष्य होना चाहिए कि हम पिछले वर्ष का कोई बोझ न लेकर जाएं।

इसलिए हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम सभी गत वर्ष के कार्यालय के अपने सभी लंबित कार्यों का निपटान करके ही नए वर्ष में प्रवेश करें। तभी हम हर्ष और उल्लास के साथ नव वर्ष मना सकेंगे। उन्होंने सभी कर्मियों को इस संबंध में एक प्रोफार्मा भी दिया। कहा कि सभी कर्मी नव वर्ष से पूर्व ही अपने सभी लंबित कार्य पूर्ण करके इस प्रोफार्मा में पेंडेंसी रिपोर्ट शून्य करके दें ताकि नव वर्ष के अवसर पर आपको मिलने वाली सभी शुभकामनाएं सार्थक हो पाएं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की इस अपील का कर्मियों पर बड़ा ही सकारात्मक प्रभाव हुआ। सभी कर्मियों ने इस अपील पर अमल करना शुरू कर दिया। उन्होंने एसीपी, मेडिकल बिल, एलटीसी, चाइल्ड केयर लीव, जीपीएफ एडवांस, सीएम विंडो व जनसंवाद शिकायत, टीचर एक्सपीरियंस सर्टिफिकेट, बजट एस्टीमेट आदि सभी कार्यों का निपटान करके कार्यालय की पेंडेंसी रिपोर्ट शून्य कर दी। इसके बाद जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से नव वर्ष की बधाई ली। तत्पश्चात कार्यालय के सभी कर्मियों ने भी हर्षोल्लास से एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। आपसी चर्चा में बताया कि वैसे तो हर वर्ष हम एक जनवरी को नया साल मनाते ही हैं लेकिन इस बार हम नव वर्ष में पिछले वर्ष के किसी बोझ या लंबित कार्य के बिना प्रवेश कर रहे हैं। इससे उन्हें एक ऐसा सच्चा और आंतरिक सुख मिल रहा है जिसकी कल्पना भी उन्होंने नहीं की थी।


अंबाला। भरा हुआ पेडेंसी प्रफोर्मा दिखाते हुए डीईओ के कर्मचारी।